# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in

Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 723 / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2025–26

दिनांक : 13/08/2025

## अधिसूचना

एन0ई0पी0–2020 से आच्छादित स्नातक स्तरीय बी0ए0 / बी0कॉम0 / बी0एस.सी0 एवं बी0सी0ए0 / बी0बी0ए0 पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 एवं 2022–23 में प्रवेशित हैं तथा सत्र 2023–24 एवं 2024–25 में उपाधि के निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण कर रहें हैं। कतिपय छात्र जो अनुत्तीर्ण रहने के कारण अपनी स्नातक उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये है, के भविष्य के दृष्टिगत परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में स्पेशल बैक परीक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्पेशल बैक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित शर्तो के अनुसार भरवाये जायेंगे :–

### बी0ए0 / बी0कॉम0 / बी0एस.सी0 के लिये

1. केवल ऐसे एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों बी0ए0 / बी0कॉम0 / बी0एस. सी0 छात्र जिन्होंने सत्र 2021–22 एवं 2022–23 में प्रवेश लिया था तथा सत्र 2023–24 एवं 2024–25 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुके / हो रहें हैं, ही विशेष बैक परीक्षा हेतु अर्ह होंगे।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर के विशेष बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर के केवल एक ही मेजर विषय का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही विषय के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक सेमेस्टर के एक से अधिक मेजर विषयों का परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
4. स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में एक–एक माईनर विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, छात्रों को अपने दोनों वर्षो के माईनर विषयों का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा। ऐसे छात्र जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में किसी भी माईनर विषय का चयन नहीं किया था, को सेमेस्टरवार माईनर विषयों के बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।
5. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
6. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill development course) का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
7. छात्रों ने मुख्य परीक्षा में जिन विषय कोड का चयन किया था, उन्हीं विषय कोड का बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। बैक पेपर में विषय कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।

### बी0सी0ए0 / बी0बी0ए0 के लिये

1. केवल ऐसे बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों के छात्र जिन्होंने सत्र 2021–22 एवं 2022–23 में प्रवेश लिया था तथा जिनके सत्र 2023–24 एवं 2024–25 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुके / हो रहें हैं, ही विशेष बैक परीक्षा हेतु अर्ह होंगे।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर की विशेष बैक परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर के केवल दो पेपर कोड का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही प्रश्न पत्र के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा।
4. छात्रों ने मुख्य परीक्षा में जिन पेपर कोड का चयन किया था, उन्हीं पेपर कोड की बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। बैक पेपर में पेपर कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।

| क्र0सं0 | ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाइट पर ऑन–लाइन भरने एवं ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि। | 15.08.2025 |
| 2 | छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म भरकर ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– | 21.08.2025 |
| 3 | छात्रों द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये संदर्भित परीक्षा फार्म का ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 22.08.2025 |
| 4 | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 23.08.2025 |

| क्र0सं0 | रूपये 500/– विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाइट पर ऑन–लाइन भरने एवं ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि। | 22.08.2025 |
| 2 | छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म भरकर ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– | 25.08.2025 |
| 3 | छात्रों द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये संदर्भित परीक्षा फार्म का ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 26.08.2025 |
| 4 | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 27.08.2025 |

नोट – 01. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को परीक्षा फार्म प्रेषित करते समय सम्बन्धित सेमेस्टर की सत्यापित ऑनलाईन निर्गत अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य होगा।

02. कृपया यह भी सुनिश्चित करें लें की अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा स्वीकार नहीं किया गया जायेगा।

03. परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म के साथ समस्त सत्यापित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

04. परीक्षा फॉर्म वेब लिंक https://msuweb.in पर उपलब्ध रहेंगे।

13/08/2025

परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. कुलसचिव।
2. वित्त अधिकारी।
3. सहायक/उप कुलसचिव।
4. प्रभारी सीक्रेसी/सामान्य/भण्डार।
5. प्रभारी वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
6. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
7. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया नियमों के अनुसार फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें।
8. समस्त सम्पादक, समस्त समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश/विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव